@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

गुरूवार, 8 अक्टूबर 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 335 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# यूपी के 7 जिलों में बाढ़

**• लखनऊ में 6 दोस्त बहे • उत्तराखंड और हरियाणा में ओले गिरे**

## एमपी-बिहार समेत 9 राज्यों में बारिश का अनुमान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर राज्यों से मानसून लौट चुका है। हालांकि, मध्य प्रदेश के 16 जिलों में चक्रवात के असर के चलते अगले 3 दिन बारिश होने का अनुमान है। वहीं, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पंजाब में बारिश की संभावना है। पहाड़ों पर हुई बारिश से यूपी में 10 नदियां उफान पर हैं। लखनऊ और सीतापुर समेत 7 जिलों में और गोंडा के 10 गांवों में अभी भी बाढ़ है। लखनऊ के इटौंजा में बाढ़ के पानी के तेज बहाव में 6 दोस्त बह गए। एक की मौत हो गई। 5 को बचा लिया गया। उन्नाव में दीवार गिरने से महिला की मौत हो गई। उत्तराखंड के कई हिस्सों में मंगलवार शाम बारिश और में रखी धान की फसल और ट्रालियों में लदी उपज भीग गई।



बर्फबारी हुई। देहरादून में बारिश हुई जबकि अल्मोड़ा और उत्तरकाशी में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं, हरियाणा के पंचकूला में भी ओले गिरे। यमुनानगर में हुई तेज बारिश के कारण मंडियों में खुले बिहार के मुंगेर, गयाजी, बांका मोतिहारी में मंगलवार को बारिश हुई। 6 जिलों के करीब 466 गांव अब भी बाढ़ की चपेट में हैं। करीब 8 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

### *26 जिलों में बारिश का अलर्ट, 30-40 किमी रफ्तार से हवा चल सकती है*

छत्तीसगढ़ में मौसम एक बार फिर बदल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आज (बुधवार) प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। रायपुर समेत 26 जिलों में शाम से रात तक गरज-चमक के साथ बारिश और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अचानक तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है।

# मोदी 50 मिनट में 19 बार बोले-वी विल डू इट

**• कहा- भारत के विकसित होने तक न थकूंगा, न रुकूंगा ; बतौर पीएम-सीएम 25 साल पूरे, रिकॉर्ड बनाया**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 'वी विल डू इट... हम करके दिखाएंगे।' पीएम मोदी ने बुधवार को अपने सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में इस नारे का 19 बार जिक्र किया। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा, 'जब तक भारत विकसित नहीं होता, तब तक न थकूंगा, न रुकूंगा।' उन्होंने कहा, 'मैं महत्वाकांक्षा नहीं, मिशन के लिए जीता हूं। जिसने मुझे गिराया, उसी ने खड़ा होना सिखाया। जिसने मेरा विरोध किया, उसने लोकतंत्र की शक्ति समझाई।' उन्होंने कहा कि 25 साल पीछे मुड़कर देखने पर उपलब्धियों से ज्यादा कृतज्ञता का भाव आता है। हर घटना ने कुछ सिखाया और नम्र होना सिखाया। ईश्वर से यही मांगा कि सीखने की इच्छा कभी कम न हो।



### '25 साल में देश कहां पहुंचा, यह देखना जरूरी'

मोदी ने कहा, 'हमने इस राष्ट्र में जन्म लिया है, ये एहसास ही अमृत है। इसके सामने सत्ता सुख कुछ नहीं है। पद-प्रतिष्ठा तो कहीं भी मिल सकती है, लेकिन भारत जैसी पुण्यभूमि नहीं मिलेगी। 25 सालों का आकलन इससे नहीं होगा कि मैं कहां पहुंचा, बल्कि इससे होगा कि मेरा देश कहां पहुंचा।'

## जम्मू-कश्मीर में परिसीमन भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया: उमर अब्दुल्ला

**एजेंसी**

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में परिसीमन भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया था और एसआईआर प्रक्रिया का इस्तेमाल भी इसी पार्टी की मदद के लिए किया जा रहा है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उमर अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि परिसीमन के कारण केंद्र शासित प्रदेश को पहले ही नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन भाजपा को समर्थन देने के लिए किया गया था। वे एसआईआर का इस्तेमाल इसी पार्टी की मदद के लिए कर रहे हैं। वे देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसा कर रहे हैं और हो सकता है कि वे जम्मू-कश्मीर में भी ऐसा करें, लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मामले में नोटिस जारी किए जाने के बाद, अब भाजपा की मदद के लिए फॉर्म 7 का दुरुपयोग करना इतना आसान नहीं होगा।

# 50 विश्वस्तरीय ए0आई0 स्टार्ट-अप स्थापित करने में सरकार सहयोग देने के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री योगी

**कौमी पत्रिका**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि 10 वर्ष पूर्व एच0सी0एल0 ने लखनऊ को चुना और लखनऊ ने एच0सी0एल0 को अपनाया। दोनों की साझा यात्रा पर आज प्रदेश के लोग गौरव की अनुभूति कर सकते हैं। एच0सी0एल0 के युवा प्रोफेशनल्स आगामी 05 वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्ण सहयोग के साथ लखनऊ पहुंचाने के लिए सशक्त नवाचार ईको सिस्टम तैयार करने में प्रदेश सरकार पूरा सहयोग देने के लिए तत्पर और प्रतिबद्ध है। युवा प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के विजन से जुड़ें। आगामी 21 वर्षों में भारत को दुनिया के विकसित देशों की अग्रिम पंक्ति में पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री जी ने एच0सी0एल0 की वैश्विक यात्रा की स्वर्ण जयन्ती तथा




को भारत की अग्रणी ए0आई0 इनोवेशन सिटी के रूप में स्थापित करने के अभियान का हिस्सा बनें। एच0सी0एल0 को भी इस दिशा में सहयोग का प्रस्ताव दिया गया है। मुख्यमंत्री जी आज यहां एच0सी0एल0 टेक के एच0सी0एल0 आई0टी0 सिटी लखनऊ के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्हांने एच0सी0एल0 आई0टी0 सिटी लखनऊ में फेज-2 के तहत विस्तारीकरण कार्य का शिलान्यास किया तथा 'इमर्जिंग टेक स्किलिंग सेण्टर' का उद्घाटन किया तथा एच0सी0एल0 के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने एच0सी0एल0 फाउण्डेशन की विभिन्न पहलों से जुड़े लाभार्थियों को सम्मानित किया तथा एच0सी0एल0 टेक कार्मिकों से संवाद किया। इस अवसर पर एच0सी0एल0 आई0टी0 सिटी लखनऊ के 10 वर्ष की यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लखनऊ में कम से कम 50 विश्वस्तरीय ए0आई0 स्टार्ट-अप स्थापित करने, उन्हें मजबूत बनाने और वैश्विक बाजार तक लखनऊ आई0टी0 सिटी के 10वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि एच0सी0एल0 की 05 दशक की यात्रा इसके संस्थापक श्री शिव नाडर ने उत्तर प्रदेश से प्रारम्भ की थी। उत्तर प्रदेश की धरती से शुरू हुई यह यात्रा आज वैश्विक यात्रा बन चुकी है। इसी विजन के साथ श्री नाडर ने 10 वर्ष पूर्व लखनऊ में इस यात्रा को नई पहचान देने का संकल्प लिया था। जब उत्तर प्रदेश का युवा प्रदेश में ही रहकर दुनिया के लिए तकनीक तैयार करता है, तो सबसे अधिक खुशी उसके माता-पिता को होती है। एक समय प्रदेश के युवाओं को अच्छी डिग्री प्राप्त करने के उपरान्त कैरियर निर्माण के लिए दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों को जाना प ?ता था। आज स्थिति बदल चुकी है। अब प्रदेश का युवा अपने कैरियर के लिए लखनऊ को चुन रहा है और दुनिया का युवा उत्तर प्रदेश में आ रहा है। यही परिवर्तन की पहचान है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एच0सी0एल0 के कर्मचारी अब केवल कम्पनी के कर्मचारी नहीं हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश के ब्राण्ड एम्बेसडर भी हैं। **शेष पृष्ठ 3 पर**

## डीयू जरूरतमंद छात्रों की फीस का बोझ करेगा कम

नई दिल्ली। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने जरूरतमंद छात्रों के फीस संबंधी आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में कदम उठाया है। विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर(डीएसडब्ल्यू) ने इस वर्ष के लिए फाइनेंशियल सपोर्ट स्कीम(एफएसएस) की घोषणा कर दी है। इसके तहत पात्र छात्रों को फीस में अधिकतम 15 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलेगी। डीएसडब्ल्यू के एक अधिकारी के अनुसार स्कीम के तहत जिन छात्रों की पारिवारिक सालाना आय चार लाख रुपये तक है उनको फीस में 100 प्रतिशत की माफी मिलेगी। हालांकि इसकी अधिकतम सीमा 15 हजार रुपये तय की गई है। जबकि चार लाख से अधिक और आठ लाख रुपये तक पारिवारिक आय वाले छात्रों को फीस में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसकी अधिकतम सीमा 10 हजार रुपये रहेगी। इस स्कीम का लाभ डीयू के विभागों, संस्थानों और केंद्रों में पढ़ने वाले रेगुलर यूजी-पीजी के बोनाफाइड छात्र उठा सकेंगे। जबकि कॉलेजों, बीटेक (सीआईसी को छोड़कर), पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ, एसओएल और एनसीवेब के छात्र स्कीम के दायरे में नहीं होंगे। इसके अलावा अगर पिछली किसी परीक्षा में ईआर है तो वह छात्र आवेदन नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्कीम के लिए छात्रों को 2025-26 का सक्षम प्राधिकारी से जारी आय प्रमाणपत्र या ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल प्रमाणपत्र, पात्र पारिवारिक सदस्यों के आईटीआर और पैन कार्ड, बोनाफाइड प्रमाणपत्र, पिछली परीक्षा की मार्कशीट, फीस रसीद और छात्र के नाम वाले बैंक खाते की पासबुक/रद्द चेक की प्रति देनी होगी। नोटरी से जारी आय प्रमाणपत्र और छात्र के नाम पर जारी आय प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख 13 अक्तूबर 2026 है। इसके लिए क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। जबकि भरे हुए आवेदन की हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यक्रम डीएसडब्ल्यू की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने छात्रों से समय-समय पर वेबसाइट देखते रहने को कहा है।



## संवैधानिक पाप करने वालों को चुनाव चिन्ह क्यों : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। शिवसेना के चुनाव चिन्ह विवाद पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने पूछा कि दल-बदल को संविधान के तहत 'संवैधानिक पाप' माना जाता है, तो ऐसे मामलों में शामिल लोगों को चुनाव चिन्ह का लाभ क्यों दिया जाए? सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि मामला केवल धनुष-बाण चुनाव चिन्ह तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि चुनाव चिन्ह आवंटित करते समय विधायकों की संख्या को कितना महत्व दिया जाना चाहिए। खासकर तब, जब उन्हीं विधायकों की अयोग्यता से जुड़ी कार्यवाही लंबित हो। अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि संगठनात्मक समर्थन को बहुमत का सुरक्षित आधार कैसे माना जा सकता है। मामला शिवसेना में विभाजन के बाद चुनाव चिन्ह आवंटन से जुड़ा है। सुनवाई बुधवार को भी जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट के सवालों से संकेत मिलता है कि वह चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया और उसके संवैधानिक प्रभावों की गहराई से समीक्षा कर रहा है।

## मुंबई पुलिस ने की 2.53 करोड़ की नाइट्राजेपम और अल्प्राजोलम टेबलेट जब्त

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल, वर्ली यूनिट ने नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने 2.53 करोड़ रुपए की नाइट्राजेपम और अल्प्राजोलम टेबलेट जब्त की हैं। यह मामला 6 अक्टूबर की रात का है और उसी दिन मामला दर्ज किया गया। मुंबई में अवैध नशे की खरीद, बिक्री और सप्लाई में शामिल लोगों की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक शख्स गोवंडी, मुंबई इलाके में नशे वाली गोलियां बेच रहा है। सूचना की पुष्टि करने के बाद पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली। तलाशी में निटकोर-10 ब्रांड की 4,500 नाइट्राजेपम गोलियां बरामद की गईं, जिसकी कीमत 1.98 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने प्रोकाल्म-1 ब्रांड की 5,300 अल्प्राजोलम गोलियां भी जब्त कीं, जिसका वजन करीब 689 ग्राम है और कीमत 55.92 लाख रुपए है। इस तरह कुल 9,800 नाइट्राजेपम और अल्प्राजोलम गोलियां जब्त की गईं, जिसकी कुल कीमत करीब 2.53 करोड़ रुपए है। यह ऑपरेशन मुंबई पुलिस कमिश्नर की देखरेख में पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पता लगा रही है कि ये दवाएं कहां से लाई गई और इनका नेटवर्क कितना बड़ा है। बता दें नाइट्राजेपम और अल्प्राजोलम दोनों बेंजोडायजेपाइन वर्ग की दवाएं हैं जो मस्तिष्क को शांत करने का काम करती हैं।

## असम राइफल्स के जवान की गोली लगने से मौत, सीएम माझी ने जताया शोक

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा के रायगड़ा जिले के रहने वाले असम राइफल्स के जवान वी तेजा की नगालैंड में गोली लगने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि जवान की मौत उनके 31वें जन्मदिन से महज दो दिन पहले हुई। उन्होंने बताया कि 15वीं असम राइफल्स के राइफलमैन तेजा को सोमवार को गोली लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि तेजा की शादी 10 दिसंबर को होनी थी। ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी और विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने तेजा के निधन पर शोक जताया है। सीएम ने पोस्ट में कहा कि नगालैंड में ड्यूटी पर तैनात 15वीं असम राइफल्स के बहादुर सैनिक राइफलमैन वी. तेजा के असामयिक निधन की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। मातृभूमि की सेवा में उनका सर्वोच्च बलिदान और समर्पण हमेशा हमारी स्मृतियों में अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में मैं शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। नवी पटनायक ने एक्स पर कहा कि असम राइफल्स के उड़िया सैनिक वी तेजा ने जो बहादुरी दिखाई, वह अतुलनीय है। उन्होंने नगालैंड में देश की रक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियानों के दौरान शहीद होकर अद्वितीय बलिदान दिया।

## आपत्तिजनक टिप्पणी विवाद में हनी सिंह को साइबर पुलिस का समन, सिंगर ने मांगा और वक्त

मुंबई (एजेंसी)। रैपर और सिंगर यो यो हनी सिंह फिर विवादों में हैं। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने उन्हें एक कार्यक्रम के दौरान की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, सोमवार को हनी सिंह जांच अधिकारी के सामने पेश नहीं हुए और उन्होंने पूछताछ में शामिल होने के लिए पुलिस से कुछ और समय मांगा है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस की ओर से हनी सिंह को समन भेजकर निर्धारित समय पर जांच अधिकारियों के सामने उपस्थित होने को कहा गया था। यह कार्रवाई एक शिकायत के बाद की गई, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कार्यक्रम में सिंगर द्वारा कही गई कुछ बातें आपत्तिजनक थीं। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू हुई और इसी मामले में हनी सिंह से पूछताछ होनी थी। मामले की गंभीरता को देखकर पुलिस जांच में जुटी है और अब सिंगर के पेश न होने के बाद आगे की कार्रवाई पर सबकी नजर है। यह पहली बार नहीं है जब हनी सिंह विवादों में घिरे हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है, खासकर उनके गानों और लाइव परफॉर्मेंस को लेकर अक्सर विवाद होता है। इसके पहले भी मई में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक संगठन की याचिका पर उनसे हलफनामा दाखिल करने को कहा था।

# 'जेन जी' 'जेन अल्फा' के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी को साथ लेकर चल रहे राहुल गांधी

### -सांसद पप्पू यादव ने विपक्ष की एकजुटता और लोकतंत्र के मुद्दे पर केंद्र पर बोला हमला



**नई दिल्ली , एजेंसी।**
पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने विपक्ष की एकजुटता और लोकतंत्र के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष को पूरी तरह मजबूत किया जा सकता है और राहुल गांधी देश की 'जेन जी' और ' जेन अल्फा' पीढ़ी के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी को साथ लेकर चल रहे हैं। पप्पू यादव ने कहा कि देश के सामाजिक संगठनों और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों समेत विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए राहुल गांधी किसी तरह की राजनीति नहीं करेंगे। विपक्षी दलों का 'इंडिया' गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के साथ गरीब, कमजोर, मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग और सामान्य वर्ग के मतदान अधिकारों के लिए मजबूती से लड़ रहा है। पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी पिछले तीन सालों से 'वोट चोरी' के मुद्दे को लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह किसी एक दिन का मुद्दा नहीं है, बल्कि पिछले तीन-चार सालों से अलग-अलग मंचों पर इसे उठाया जा रहा है।
उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा सहित कई राज्यों में अलग-अलग तरीकों से लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित किया गया और लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के लिए लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया। यादव ने कहा कि जब पूरा देश इस मुद्दे पर सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को तैयार है, तो सरकार सच्चाई सामने लाने से क्यों बच रही है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार सच बोलने की हिम्मत क्यों नहीं जुटा पा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार को गवाह बनकर यह बताना चाहिए कि उनके पीछे कौन-कौन लोग हैं।
पप्पू यादव ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए सवाल किया कि संबंधित लोगों को एक मिनट भी पद पर बने रहना चाहिए या नहीं। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या किसी जिम्मेदार व्यक्ति को यह कहकर जवाबदेही से बचने का अधिकार है कि उसे जानकारी नहीं थी या उसने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि टीसीएस से जुड़े मामलों में भी कई सवाल उठे हैं और इन मामलों की पूरी सच्चाई सामने आनी चाहिए।

## विरोध के चलते सीईसी ज्ञानेश कुमार का छत्तीसगढ़ दौरा स्थगित

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का 7 और 8 अक्टूबर को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरा स्थगित कर दिया गया है। चुनाव आयोग की ओर से जारी पत्र में बताया गया कि अहम कारणों के चलते दौरा टाल दिया गया है। हालांकि, आयोग ने नई तारीख को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। इससे पहले ज्ञानेश कुमार का उत्तर प्रदेश दौरा भी स्थगित किया जा चुका है। ज्ञानेश कुमार का छत्तीसगढ़ दौरा ऐसे समय में स्थगित हुआ है, जब उनके खिलाफ विपक्षी दलों का विरोध प्रदर्शन तेज है। मंगलवार को 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ मार्च निकाला और चुनाव आयोग के कार्यालय तक पहुंचने की कोशिश की। विपक्षी दल मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग कर रहे हैं। मार्च के दौरान सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को चुनाव आयोग के कार्यालय की ओर आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत विपक्षी सांसद आकाशवाणी भवन परिसर में धरने पर बैठ गए। काफी देर तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस और कुछ सहयोगी दलों के नेताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शाम करीब आठ बजे हिरासत में लिए गए नेताओं को बस से वहां से ले जाया। बाद में राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य नेताओं को रिहा कर दिया गया। विपक्षी दलों का कहना है कि मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण रद्द किया जाना चाहिए और मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाया जाना चाहिए। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर के जरिए मतदाता सूचियों में बड़े स्तर पर बदलाव किए जा रहे हैं।

## जंतर-मंतर पर सीजेपी के अगले प्रदर्शन पर सस्पेंस: 10 अक्टूबर की अनुमति लंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कॉकरेच जनता पार्टी (सीजेपी) फिर दिल्ली में प्रदर्शन की तैयारी में है, इसका प्रस्तावित आयोजन 10 अक्टूबर को होना है। दिल्ली पुलिस को इसकी जानकारी दी गई है और उसका एक्नॉलेजमेंट भी मिला है, लेकिन अभी तक प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली है। सीजेपी के सौरव दास ने बताया कि यह सिर्फ सीजेपी का नहीं, बल्कि जेन-जेड का प्रदर्शन होगा, जिसका लक्ष्य मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाना है। हालांकि, नई दिल्ली इलाके में फिलहाल भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू है, जो आगामी प्रदर्शन को लेकर पुलिस के फैसले पर अनिश्चितता बढ़ाती है।
पिछली बार, 3 अक्टूबर को हुए सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान एक नया विवाद खड़ा हो गया था। तीन महिला पत्रकारों ने पुलिसकर्मियों पर कथित यौन उत्पीड़न और बदसलूकी के गंभीर आरोप लगाए, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने शिकायतों को निष्पक्ष जांच के लिए क्राइम ब्रांच को भेज दिया। इसी मामले को लेकर पत्रकारों और प्रदर्शनकारियों ने संसद मार्ग थाने के बाहर एफआईआर दर्ज करने की मांग पर धरना देकर कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। इस दौरान एसीपी विवेक भगत का नाम भी विवादों में आया, जिन्होंने कथित शिकायतों की जांच पूरी होने तक एडिशनल डीसीपी का चार्ज न लेने की इच्छा जताई, जिसे दिल्ली सरकार ने स्वीकार कर लिया।
सीजेपी का दिल्ली में प्रदर्शनों का रिकॉर्ड पहले भी हंगामेदार रहा है। जुलाई में संगठन के 'संसद चलो' मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखा टकराव हुआ था, जिसमें बैरिकेड तोड़े गए, आंसू गैस के गोले छोड़े गए और लाठीचार्ज भी हुआ। इस दौरान कई पुलिसकर्मी और प्रदर्शनकारी घायल हुए थे और दिल्ली पुलिस ने कई एफआईआर दर्ज की थीं। हालांकि, बाद में पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि वे जुलाई के सीजेपी प्रदर्शनों से जुड़ी 13 एफआईआर पर आगे कार्रवाई नहीं करना चाहती। अब 10 अक्टूबर के प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर फिर संगठन अपनी आवाज सड़क पर उठाने को तैयार है, लेकिन पिछली घटनाओं और लागू बीएनएसएस धारा 163 के कारण पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती है।

# बिहार: बाढ़ पीड़ितों के खाते में सम्राट चौधरी भेजेंगे पैसा

### 12 को 7-7 हजार की अनुग्रहिक राहत राशि होगी वितरित

**पटना, एजेंसी।**
बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संबंधित विभागों को बाढ़ से हुई क्षति का आकलन कर उसके पुनर्स्थापन में होने वाले खर्च की प्रथम दृष्टया विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास तथा आवश्यक विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि द्वितीय चरण में बाढ़ से प्रभावित परिवारों के बीच 12 अक्टूबर को सात-सात हजार रुपये की अनुग्रहिक राहत राशि वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को लोक सेवक आवास में बाढ़ की स्थिति एवं इससे हुई क्षति को लेकर एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से जल निकासी के बाद संभावित परेशानियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।
इस वर्ष गंगा, गंडक एवं सोन नदियों में पूर्व के वर्षों की तुलना में अधिक मात्रा में पानी आने के कारण बाढ़ की गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई थी। नदियों में बाढ़ आने की एक प्रमुख वजह नदी तल में गाद (सिल्ट) का जमा होना भी है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बिहार देश का पहला राज्य है जिसने गाद नीति बनाई है। उन्होंने नदियों की वर्तमान स्थिति एवं बाढ़ से हुई क्षति की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बिहार में दो चरणों में आई बाढ़ के कारणों और उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गंगा, सोन, घाघरा, कोसी एवं पुनपुन नदियों में उच्चतम जल स्तर दर्ज किया गया। वहीं, दूसरे चरण में अधिक बारिश के कारण गंडक नदी में चार स्थलों पर उच्चतम जल स्तर दर्ज किया गया। पश्चिम चंपारण, गोपालगंज एवं सारण जिले में छह स्थलों पर तटबंध क्षतिग्रस्त हुए थे। आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बाढ़ के दौरान किए गए राहत एवं बचाव कार्यों की भी जानकारी दी। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने बताया कि राज्य में बाढ़ की स्थिति अब अंतिम चरण में पहुंच रही है और स्थिति सभी जगह नियंत्रण में है। हालांकि, सरकार अभी भी पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने मंगलवार को पार्टी



दफ्तर में जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यह जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार गंडक और गंगा ने कई जगहों पर नया उच्चतम जलस्तर बनाया, जिसके कारण कई स्थानों पर तटबंधों पर भारी दबाव की स्थिति बनी।

## पदभार संभालने से पहले राजनाथ से मिले एयर मार्शल आशुतोष



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना के अगले प्रमुख नियुक्त किए गए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। केंद्र सरकार द्वारा उन्हें वायुसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किए जाने के बाद हुई इस मुलाकात में रक्षा मंत्री ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। एयर मार्शल दीक्षित वर्तमान में वायुसेना के उपप्रमुख हैं। वह 31 अक्टूबर को मौजूदा वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद पदभार संभालेंगे। इसके साथ ही वह भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख होंगे। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन मिला था। करीब चार दशक के सैन्य करियर में उन्होंने संचालन, प्रशिक्षण और उच्चस्तरीय सैन्य नेतृत्व से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। वह एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख और केंद्रीय वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी रह चुके हैं।

## सीएम सैनी के सिंगापुर दौरे के बाद 5,500 करोड़ के निवेश की बढ़ी संभावना




**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपना तीन दिवसीय सिंगापुर दौरा पूरा कर भारत लौट आए हैं। इस दौरे के दौरान विभिन्न कंपनियों और संस्थानों ने हरियाणा में करीब 5,500 करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर सहमति जताई है। इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ-साथ आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं, जल प्रबंधन, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों को गति मिलने की उम्मीद है।
मुख्यमंत्री ने बताया कि उनका सिंगापुर दौरा 'विकसित हरियाणा-विकसित भारत' के संकल्प को मजबूत करने वाला साबित होगा। उन्होंने जोर दिया कि हरियाणा के प्रति वैश्विक निवेशकों की बढ़ती रुचि यह दर्शाती है कि प्रदेश निवेश, नवाचार और उद्योग के लिए एक भरोसेमंद एवं आकर्षक गंतव्य के रूप में तेजी से उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को पारदर्शी प्रशासन, बेहतर कनेक्टिविटी, मजबूत आधारभूत ढांचा, कुशल मानव संसाधन और अनुकूल कारोबारी माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि इन निवेश प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना है।
सिंगापुर दौरे के दौरान सबसे अधिक, करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव हेल्थ एवं वेलनेस क्षेत्र में मिले। इनसे हरियाणा में अत्याधुनिक अस्पतालों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और वेलनेस सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ चिकित्सा अनुसंधान और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलने की संभावना है। सिंगापुर की उन्नत जल प्रबंधन तकनीकों से प्रेरित होकर, जल उपचार एवं प्रबंधन क्षेत्र में भी निवेशकों ने विशेष रुचि दिखाई, जिसके तहत करीब 1,500 करोड़ रुपये के निवेश पर सहमति बनी है। इन निवेशों से आधुनिक जल उपचार संयंत्रों, सीवेज ट्रीटमेंट, औद्योगिक जल प्रबंधन, जल के पुन- उपयोग और स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणालियों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में जल संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

## 'आवाज दबाने से सवाल खत्म नहीं होंगे' जनता पूरे घटनाक्रम को देख रही है : सुक्खू

### -राहुल गांधी की हिरासत के विरोध में हिमाचल में जोरदार प्रदर्शन, धरने पर बैठे नेता

**शिमला, एजेंसी।**
दिल्ली में राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को शिमला में जोरदार प्रदर्शन किया। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकभवन के बाहर धरना दिया। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, कई कैबिनेट मंत्री, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रदर्शन में सीएम सुक्खू ने केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए राहुल गांधी को सड़क पर उतरकर आवाज उठानी पड़ रही है। सीएम ने यह भी घोषणा की कि गुरुवार को हिमाचल प्रदेश के सभी हिस्सों में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। 'आवाज दबाने से सवाल खत्म नहीं होंगे' उन्होंने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य सांसदों की हिरासत को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को हिरासत में लेना लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान के खिलाफ है।



सीएम के मुताबिक, जनता की आवाज उठाने वाले नेताओं को हिरासत में लिया जा रहा है, जबकि जिनसे जवाब मांगा जाना चाहिए उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी की आवाज दबाने से सवाल खत्म नहीं होंगे और जनता पूरे घटनाक्रम को देख रही है।
सीएम सुक्खू ने आरोप लगाया कि सरकार ने नैतिक रूप से सत्ता में बने रहने का अधिकार खो दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति की आवाज को दबाने के बजाय उसका जवाब दिया जाना चाहिए। विपक्षी दल एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे रोकने की मांग कर रहे हैं। साथ ही विपक्ष की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी की जा रही है।

# एसआईआर के खिलाफ सत्याग्रह पर एफआईआर से नाराज कांग्रेस

### जयराम ने केंद्र और दिल्ली पुलिस पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विपक्षी दलों के प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस पर हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी लंबे समय से कथित वोट चोरी के मुद्दे को तथ्यों के साथ उठा रहे हैं और इसी के विरोध में किए गए सत्याग्रह पर पुलिस ने कार्रवाई की है।
जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि राहुल गांधी करीब दो वर्षों से प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच कथित 'वोट चोरी की साजिश' को तथ्यों के जरिए सामने ला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया से करोड़ों वास्तविक मतदाताओं के मतदान के संवैधानिक अधिकार पर असर पड़ा है।

**कांग्रेस ने कहा- दबाव में है सरकार**

जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी द्वारा एसआईआर की कथित विसंगतियों और अन्याय के खिलाफ सत्याग्रह किए जाने के बाद दिल्ली पुलिस ने उनके और अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग इस मुद्दे को लेकर दबाव में हैं। विपक्षी दल एसआईआर की प्रक्रिया पर लगातार सवाल उठा रहे हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। वहीं चुनाव आयोग अपने स्तर पर प्रक्रिया को नियमों के तहत होने वाला पुनरीक्षण बता रहा है।

**आकाशवाणी भवन में दिया था धरना**

दरअसल, मंगलवार को विपक्षी दलों के सांसद संसद के मकर द्वार पर एकत्र हुए थे। उन्होंने एसआईआर से जुड़े मुद्दों और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर चुनाव आयोग के मुख्यालय की ओर मार्च किया। दिल्ली पुलिस ने चुनाव आयोग की ओर जाने वाले रास्तों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों को आकाशवाणी भवन के पास रोक दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस के कुछ अन्य नेता परिसर में दाखिल हो गए और वहां धरने पर बैठ गए। पुलिस के अनुसार प्रदर्शनकारियों से परिसर खाली करने के लिए कहा गया, लेकिन उनके वहां बैठे रहने पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत



अन्य नेताओं को हिरासत में लिया गया। बाद में सभी को रिहा कर दिया गया।

# लखनऊ में कम से कम 50 विश्वस्तरीय ए0आई0 स्टार्ट-अप स्थापित करने में सरकार सहयोग देने के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री योगी

प्रथम पृष्ठ का शेष

उन्होंने लगभग नौ वर्ष पहले इस कैम्पस का भ्रमण किया था और आज पुनः यहां आकर प्रशिक्षण, नवाचार और युवाओं के उत्साह को निकट से देखा है। लखनऊ से जब कोई बेटी अपने कैरियर की उड़ान भरती है, तो केवल उसका जीवन नहीं बदलता, बल्कि पूरे परिवार का जीवन बदलता है। यह सफलता कई बेटियों के लिए नई राह और प्रेरणा बनती है। किसी माँ की दुआ, किसी पिता का सपना और किसी परिवार का विश्वास भी जुड़ा है। अपने बेटे और बेटियों के परिश्रम को सफल होते देख रहे परिवारों की आकांक्षाओं का साकार रूप आज लखनऊ के एच0सी0एल0 कैम्पस के रूप में सभी के सामने है। लखनऊ कैम्पस के 10 वर्षों की यात्रा का उत्सव विगत एक दशक की उपलब्धियों का उत्सव ही नहीं, बल्कि आगामी 100 वर्षों की नींव को मजबूत करने का अवसर भी है। आज जिन कार्यों का शुभारम्भ किया गया है, उनके माध्यम से आगामी दशक में लखनऊ केवल आई0टी0 सर्विसेज का केन्द्र नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इण्टेलिजेंस, सेमीकण्डक्टर, साइबर सिक्योरिटी, कम्प्यूटिंग, कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी और डीप टेक का प्रमुख केन्द्र बनेगा। इसके लिए स्वयं को भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना होगा। उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत उसकी उर्वरा भूमि और युवा शक्ति है। प्राचीन काल से ही हमारे पूर्वज उर्वरा भूमि को अपनी ताकत मानते रहे हैं। आज प्रदेश के पास अच्छी भूमि के साथ-साथ भारत की सबसे युवा कार्यशक्ति भी है। युवाओं की प्रतिभा प्रदेश की सबसे ब?ी सामर्थ्य एवं शक्ति है। एच0सी0एल0 लखनऊ के 10 वर्ष इस बात का प्रमाण हैं कि प्रतिभा को अवसर मिले तो उत्तर प्रदेश का युवा पीछे रहने वाला नहीं है। 10 वर्ष पूर्व इस यात्रा की शुरुआत 100 युवाओं से हुई थी, जबकि आज इस कैम्पस में 12,000 युवा कार्य कर रहे हैं। यह एच0सी0एल0 का सबसे बड़ा कैम्पस है। लखनऊ केवल एच0सी0एल0 का होम नहीं, बल्कि लखनऊ की विकास गाथा का हिस्सा बन चुका है। कैम्पस में कार्यरत उत्साही युवाओं का आत्मविश्वास इस परिवर्तन का प्रमाण है। अब प्रदेश के समक्ष पहचान का संकट नहीं है। प्रदेश में रोजगार तथा नौकरी का संकट भी नहीं है। विगत 09 वर्षों में लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 09 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश में बेटियों की नाइट शिफ्ट की कल्पना करना कठिन था। आज बेटियां और बहनें नाइट शिफ्ट में बेझिझक कार्य कर रही हैं और सुरक्षित वातावरण में अपने घर लौट रही हैं। एक समय पुलिस अधिकारियों को निशाना बनाकर भय और दहशत का माहौल पैदा किया जाता था। आज अपराधी पुलिस को देखकर भयभीत होते हैं। बेटियों और बहनों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता। इसी विश्वास के साथ प्रदेश सरकार ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को आगे ब ?ाया है। उत्तर प्रदेश अब एक्सप्रेस-वे, मेडिकल कॉलेज, 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और अपनी विशिष्ट खानपान परम्पराओं के लिए जाना जा रहा है। आज बलिया से बिजनौर तक लगभग 1,200 किलोमीटर की दूरी लगभग 10 घण्टे में तय की जा सकती है। 10 वर्ष पहले इसी दूरी को तय करने में कई दिन लगते थे। यह बदले हुए उत्तर प्रदेश की तस्वीर है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को 'डिजिटल इण्डिया' का दूरदर्शी विजन दिया था। उस समय कुछ लोगों ने सवाल किया कि भारत में डिजिटल इण्डिया कैसे होगा। किसी प्रकार जब जनधन खाते खोले गए तो इन्हें खाली अकाउण्ट बताकर उनका मजाक उड़ाया गया और गरीब का अपमान कहा गया। आज डी0बी0टी0 (प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण) ने अन्त्योदय के सपने को साकार किया है। दिल्ली या लखनऊ से गरीब के लिए भेजा गया पैसा सीधे उसके खाते में पहुंच रहा है। यह तकनीक और डिजिटल इण्डिया की शक्ति का परिणाम है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री जी के डिजिटल इण्डिया के विजन ने देश की विकास यात्रा को नई दिशा दी, उसी प्रकार श्री शिव नाडर की दूरदर्शिता ने एच0सी0एल0 को वैश्विक कम्पनी के रूप में स्थापित किया। 50 वर्ष पूर्व एच0सी0एल0 की नींव रखने वाले श्री शिव नाडर का विजन आज वैश्विक सफलता के रूप में सभी के सामने है। उस यात्रा का महत्वपूर्ण अध्याय उत्तर प्रदेश में लिखा गया है। एच0सी0एल0 टेक ने उत्तर प्रदेश में केवल कारोबार नहीं किया, बल्कि सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गांवों की महिलाओं, स्वयंसेवी समूहों और समुदाय आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें स्वावलम्बन की ओर ब ?ाने का कार्य किया गया है। सीतापुर और बुलन्दशहर जैसे जनपदों में स्कूलों के माध्यम से बच्चों के जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास किया गया है। विगत 10-11 वर्षों में एच0सी0एल0 के कार्यक्रम प्रदेश के 50 लाख से अधिक लोगों और 3,000 से अधिक गांवों तक पहुंचे हैं। यह इस बात का उदाहरण है कि तकनीक और विकास का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक कैसे पहुंचाया जा सकता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास का अर्थ केवल ब? शहरों में बड़े कैम्पस बनाना नहीं है। वास्तविक विकास तब है, जब गांव का किसान बेहतर तकनीक से जुड़े, बहन-बेटियों को आजीविका के नए अवसर प्राप्त हों, गांव के बच्चे बेहतर शिक्षा से जुड़ें, ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें और ग्रामीण युवा नई अर्थव्यवस्था तथा नए अवसरों का हिस्सा बनें। एक ओर एच0सी0एल0 का वैश्विक तकनीकी कैम्पस व दूसरी ओर गांवों में सामुदायिक विकास कार्यक्रम तथा एक ओर वैश्विक नवाचार और दूसरी ओर आधारभूत विकास, दोनों एक साथ आगे ब ?गे तो यह समावेशी विकास का मॉडल होगा। एक दशक पूर्व उत्तर प्रदेश में निवेश करना चुनौतीपूर्ण था। प्रदेश की छवि खराब थी, सुरक्षा का वातावरण अनुकूल नहीं था, पर्याप्त बुनियादी ढांचा नहीं था और आई0टी0 सेक्टर की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बिजली की पर्याप्त उपलब्धता नहीं थी। आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं। आज देश की 55 प्रतिशत मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग उत्तर प्रदेश में हो रही है। इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेण्ट में उत्तर प्रदेश का योगदान 60 प्रतिशत है। एक दशक पूर्व आई0टी0 एवं आई0टी0ई0एस0 के माध्यम से उत्तर प्रदेश से लगभग 12,000 से 15,000 करोड़ रुपये का निर्यात होता था, जबकि आज यह 01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। प्रदेश का लक्ष्य आगामी 04 वर्षों में इसे 2.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। लगभग 10 वर्ष पूर्व प्रदेश से इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात 3,800 करोड़ रुपये था, जो आज बढ़कर 45,000 करोड़ रुपये हो गया है। वर्ष 2030 तक इसे 02 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अब सॉफ्टवेयर कम्पनियों के लिए केवल नोएडा ही विकल्प नहीं है। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ और आगरा में भी आई0टी0 पार्क संचालित हो रहे हैं। वर्तमान में 07 सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क कार्य कर रहे हैं। वाराणसी, बरेली, कानपुर और गोरखपुर में नए आई0टी0 पार्क विकसित किए जा रहे हैं। आई0टी0 अब केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुन्देलखण्ड तक पहुंच रहा है। गौतमबुद्ध नगर में 12 आई0टी0 एवं आई0टी0ई0एस0 स्पेशल इकोनॉमिक जोन हैं। नई स्टार्ट-अप नीति के अन्तर्गत नोएडा और लखनऊ को डीप टेक हब के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इस दिशा में निरन्तर कार्य आगे बढ़ रहा है। लखनऊ में देश का पहला ए0आई0 सिटी स्थापित करने तथा ए0आई0 ईको सिस्टम को बढ़ावा देने की योजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम को एच0सी0एल0 टेक की अध्यक्ष श्रीमती रोशनी नाडर मल्होत्रा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर स्टेट ट्रॉन्सफॉर्मेशन कमिशन के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव आई0टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स श्री आलोक कुमार, सलाहकार मुख्यमंत्री श्री अवनीश कुमार अवस्थी, शिव नाडर फाउण्डेशन के अध्यक्ष श्री शिखर मल्होत्रा तथा एच0सी0एल0 लखनऊ से जुड़े विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## असमा ईसा फाउंडेशन के तत्वावधान में कानों की निःशुल्क जांच का शिविर आयोजित
### सुनने की मुफ्त जांच के साथ जरूरतमंदों में हियरिंग एड मशीनें भी वितरित

नई दिल्ली, (संवाददाता)ः असमा ईसा फाउंडेशन के तत्वावधान में कानों की निःशुल्क जांच के लिए एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुनने से संबंधित समस्याओं की मुफ्त जांच के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों के बीच हियरिंग एड मशीनें भी वितरित की गईं। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। इस दौरान कानों की देखभाल और श्रवण स्वास्थ्य के संबंध में विशेषज्ञों ने लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शिविर में तीन ऑडियोलॉजिस्ट (श्रवण विशेषज्ञ) वासिक अली, मोहम्मद उमर और शारिक मिर्जा के अलावा दो सहायक भी अपनी सेवाएं दे रहे थे। फाउंडेशन के संरक्षक मोहम्मद अयाज ईसा शफीक ने बताया कि शिविर के दौरान लगभग 110 लोगों के कानों और सुनने की क्षमता की जांच की गई। श्रवण विशेषज्ञों ने शिविर में आए लोगों को कानों की देखभाल, श्रवण स्वास्थ्य तथा सुनने से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बारे में उपयोगी जानकारी दी। जरूरत के अनुसार कई पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को हियरिंग एड (श्रवण सहायता उपकरण) भी उपलब्ध कराए गए। शिविर में तीन ऑडियोलॉजिस्ट सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों ने भी सेवाएं दीं। उन्होंने लोगों की सुनने की क्षमता की जांच करने के साथ-साथ उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस अवसर पर श्रवण संबंधी बीमारियों की समय पर पहचान और उचित उपचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर अयाज ईसा ने कहा कि असमा ईसा फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद एवं पात्र लोगों तक बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए इस तरह के कल्याणकारी कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रखे जाएंगे। उन्होंने शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों तथा श्रवण विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। शिविर की सफलता में हुमायूं चांदना, सिराजुद्दीन (घड़ी वाले), सबाहुद्दीन, नईम अहमद बाड़ी, जिक्रूर्रहमान मुजाहिद चावला, डॉ. अरहम चौधरी, मोहम्मद नौमान (पहाड़) सहित अन्य जिम्मेदार लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## क्रेडिट कार्ड ठगी गिरोह का भंडाफोड़, लिमिट बढ़ाने के नाम पर फंसाते, गैंग का छठा शातिर दबोचा

गुरुग्राम। क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली निवासी गुलशन सिंह को साइबर क्राइम थाना साउथ की टीम ने 3 दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की है। इस मामले में अब तक छह आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। पूछताछ में सामने आया कि गुलशन सिंह अपने साथियों को धोखाधड़ी के लिए कॉलिंग का डाटा और एपीके फाइल मुहैया कराता था। इससे पहले 5 जून 2026 को पुलिस ने एक महिला सहित पांच आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इनमें राहुल, अनुजपाल, गौरव, मुकुल किरार और आंचल शामिल थे। इन आरोपियों ने 11 मार्च 2026 को एक व्यक्ति से क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर करीब 28 हजार रुपये की ठगी की थी। शिकायत पर साइबर क्राइम थाना साउथ में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपी क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के बहाने लोगों को कॉल करते थे। वे फर्जी लिंक भेजकर उनके क्रेडिट कार्ड को हैक कर लेते थे। इसके बाद ऑनलाइन खरीदारी करते थे। खरीदे गए सामान को मुख्य आरोपी को सौंप दिया जाता था। यदि सामान की कीमत पांच से सात हजार रुपये होती थी, तो उसे बेचकर पैसे प्राप्त कर लेते थे। मुख्य आरोपी इन आरोपियों को कॉल करने के लिए डाटा उपलब्ध कराता था। जांच में पता चला कि यह गिरोह जनवरी 2026 से कॉल सेंटर चला रहा था। आरोपी ठगी के बाद दो-तीन दिन अपना सारा काम बंद कर देते थे। वे पुलिस से बचने के लिए 10 से 15 दिन में अपनी जगह भी बदल लेते थे।

### बुराड़ी में देश का सबसे बड़ा स्वचालित परीक्षण स्टेशन शुरू

नई दिल्ली। बुराड़ी में देश के सबसे बड़े स्वचालित परीक्षण स्टेशनों में से एक का उद्घाटन शनिवार को किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पांच लेन वाले इस स्टेशन का शुभारंभ किया। यहां सालाना एक लाख वाहनों की स्वचालित फिटनेस जांच हो सकेगी। इनमें 40 हजार भारी और 60 हजार हल्के मोटर वाहन जांचे जाएंगे। तकनीक आधारित जांच से सड़क सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण की निगरानी मजबूत होगी। दिल्ली-एनसीआर के कमर्शियल वाहनों को आधुनिक फिटनेस जांच की सुविधा मिलेगी। बुराड़ी से पहले तेखंड और नंद नगरी में भी ऐसे स्टेशन शुरू किए गए हैं। बुराड़ी स्टेशन के साथ तीनों केंद्रों की संयुक्त क्षमता सालाना 2.5 लाख से अधिक वाहनों की हो गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण को केवल सर्दियों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। वाहन फिटनेस और उत्सर्जन मानकों की नियमित जांच इसी सालभर चलने वाले प्रयास का हिस्सा है।

## जिंदा दिव्यांग महिला को कागजों में मृत दिखाया, पेंशन बंद, सचिव निलंबित

अलीगढ़। अलीगढ़ में ब्लॉक गंगीरी के शाहजहांपुर बैजना गांव में 100 प्रतिशत दिव्यांग चंद्रमुखी को पेंशन सत्यापन सूची में मृत दर्शा दिया गया। इससे उनकी दिव्यांग पेंशन बंद हो गई। शिकायत के बाद हुई जांच में महिला जीवित मिलीं। मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी सतेंद्र कुमार आजाद को निलंबित किया गया है। शिकायतकर्ता जितेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी दिव्यांग बहन चंद्रमुखी को जीवित होने के बावजूद मृत दर्शाकर पेंशन बंद कर दी गई है। सीडीओ के निर्देश पर मामले की जांच जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से कराई गई। जांच में सामने आया कि गंगीरी विकास खंड की 23 ग्राम पंचायतों की दिव्यांग पेंशन सत्यापन सूची में चंद्रमुखी का नाम मृतक के रूप में दर्ज किया गया था। इसके बाद उनकी पेंशन रोक दी गई। शिकायत के बाद सहायक विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत सचिव की संयुक्त जांच में चंद्रमुखी 100 प्रतिशत दिव्यांग और जीवित मिलीं। इसके बाद उनकी पेंशन दोबारा शुरू करा दी गई। डीपीआरओ यतेंद्र सिंह ने बताया कि नोटिस के जवाब में ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया कि गांव में परिवारों के बीच पार्टीबंदी चल रही है। सत्यापन के दौरान मोहल्ले के ग्रामीणों ने चंद्रमुखी की मृत्यु की गलत सूचना दी थी। उनका घर बंद मिला और परिवार के लोग रिश्तेदारी में बताए गए।

## निजी स्कूल की बस ने लॉ स्टूडेंट को रौंदा

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में मोदी मिल फ्लाईओवर पर एक प्राइवेट स्कूल बस ने 24 साल के लॉ स्टूडेंट विनम्र कुमार को रौंद दिया। बस ड्राइवर के ब्रेक लगाने से पहले छात्र करीब 10 मीटर तक बस के नीचे घिसटता रहा। किसी के बस के नीचे फंसे होने को महसूस कर ड्राइवर ने गाड़ी रोकी तब देखा। ड्राइवर खुद पीड़ित को अस्पताल ले गया। जहां उसकी हालत गंभीर है। न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। आरोपी की पहचान 32 साल के विजेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो कनॉट प्लेस के एक प्राइवेट स्कूल की बस चलाता है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार कोटला मुबारकपुर के रहने वाले विनम्र कुमार चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी में तीसरे साल के लॉ स्टूडेंट थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम को दोपहर करीब 3ः30 बजे मोदी मिल फ्लाईओवर पर एक जानलेवा हादसे की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो उन्हें एक बस और एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली। उन्हें बताया गया कि घायल छात्र को बस ड्राइवर एम्स ट्रॉमा सेंटर ले गया था। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो उन्हें बताया गया कि युवक को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने विजेंद्र को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। विनम्र अपनी बहन को उसके ससुराल गढ़ी गांव छोड़ने गया था और मथुरा रोड की तरफ जा रहा था, तभी पीछे से बस ने उसे टक्कर मार दी। अधिकारी ने कहा कि पीड़ित ने हेलमेट पहना था। हादसे के बाद वह करीब 10 मीटर तक घिसटता रहा, जिसके बाद ड्राइवर को एहसास हुआ और उसने ब्रेक लगाए। ड्राइवर खुद पीड़ित को अस्पताल ले गया।


**NAME CHANGE**
I WAZIR AHMED S/O AMEER AHMED R/O V-120 STREET NO-21 B VIJAY PARK MOUJPUR NORTH EAST DELHI 110053 HAVE CHANGED MY NAME TO WAZEER AHMED

**NAME CHANGE**
I RIHANA BEGUM W/O WAZEER AHMED R/O V-120 STREET NO-21 B VIJAY PARK MOUJPUR NORTH EAST DELHI 110053 HAVE CHANGED MY NAME TO REHANA

**NAME CHANGE**
I SELVI SENGOTTUVEL W/O SENGOTTUVEL R/O A-136 ,JJ COLONY A BLOCK INDERPURI DELHI 110012 have changed my name to SELVI Permanently for all future purposes

**NAME CHANGE**
I RAIS AHMAD S/O MOHD YAMIN R/O 196 GALI NO. 11 RAHIMIYA MASJID JAFRABAD Delhi-110053 have changed the name of my minor son SHABI AHMAD aged 17 years and he shall hereafter be known as SHABI AHMED.

**NAME CHANGE**
I, POOJA V MUGALIKAR wife of No.-15331715H, Rank-HAV, Name-VINOD MUGLIKAR residing at HOUSE NO-180, STREET RAMGHAT ROAD, VPO-BEANKANHLLI, TEHSIL-BELGAVI, DIST-BELGAVI, KARNATAKA-591108, have changed my name from POOJA V MUGALIKAR to POOJA VINOD MUGALIKAR for all future purposes vide Affidavit dated 07/10/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I Shaleen Agarwal S/o Dinesh Agarwal R/o Tower No.2, Flat No.303, Orange County, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014 That I have changed the name of my minor son aged 11 years from Garv Agarwal to Avyaan Agarwal for all future purposes.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SURESH KUMAR S/o SHIV CHARAN, R/o WB-136, GALI NO-7, GN-II, SHAKAR PUR, DELHI-110092 declare that name of my wife has been wrongly written as VEERO DEVI in my PPO Book No. 1063782. The actual name of my wife is VEERO, which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with all other legal requirements in this connection.

**NAME CHANGE**
I, Ayub Saifi S/O Jumma Khan R/O T a-72,gali No-4, Tuglakabad Extension Aali, Delhi-110019 Have Changed My Name to Ayub for All Future Purposes.

**Public Notice**
I JYOTI, D/O LATE RAJAN,R/O A2/488,JJ COLONY,MADANPUR KHADAR, SARITA VIHAR, NEW DELHI110076 DECLARE THAT IN MY 10TH,AND 12TH,EDUCATIONAL DOCUMENTS (CERTIFICATE) MY MOTHER'S NAME IS WRONGLY MENTION AS BEENA WHEARAS HER RIGHT NAME IS MEENA, WHICH MAY BE AMENDED ACCORDINGLY

**NAME CHANGE**
I, DHARMENDRA SINGH S/o Virpal Singh R/o H.No.378, Kalyan Kunj, Barola, Sector-49, Noida, Gautam Budh Nagar, U.P-201301, have changed my name to DHARMENDAR KUMAR SINGH permanently.

**NAME CHANGE**
I hitherto know as SUCHI TOMER alias SUCHI PANWAR D/o NETRAPAL PANWAR W/o VINIT TOMER R/o H.No 881 NEAR JAIN STHANAK BIJROL Tehsil BARAUT Distt BAGHPAT UTTAR PRADESH Pincode 250611 have changed my name and shall here after be know as SUCHI PANWAR.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, Kamlesh W/o Shyam Kumar Tiwari R/o H-204, Gali No-4, Ward No-28, Prakash Vihar, Loni Dehat, Uttar Pradesh-201102 declare that name of mine has been wrongly written as Kamlesh Tiwari in my minor son namely Adinath Tiwari aged 13 years in his Birth Certificate No-B-2017: 9-90105-001502. The actual name of mine is Kamlesh.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Krishna W/o Ashok R/o 00, Rampur Mazra, Rauni, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-203202 have changed my name and shall hereafter be known as Sonia.

**NAME CHANGE**
I hitherto know as Ashvani S/O Rajveer Singh R/O 93,Gandhi Nagar Ailum, ward no-8,P.O-Ailum, District-Shamli, Uttar Pardesh, pin-247771 have changed my name and shall here after be known as Ashwini kumar.

**NAME CHANGE**
**यूएई के अधिकारी कर रहे जांच :** ट्रंप की ये टिप्पणियां तब आईं जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को अलास्का जाते समय पत्रकारों से कहा कि इस घटना को ईरान से जोड़ने वाली कोई पक्की बात नहीं है। घटना की जांच कर रहे यूएई के अधिकारियों ने अभी तक हमले के पीछे कौन था। इस पर कोई पक्का नतीजा नहीं बताया है क्योंकि जांच अभी जारी है। सऊदी अरब के अधिकारियों द्वारा शुरुआती पूछताछ के बाद अल-हम्ममी को यूएई को सौंप दिया गया है।

**ट्रंप ने क्या कहा :** सोमवार दोपहर जब ट्रंप 'एयर फोर्स वन' में सवार हो रहे थे, तो एक रिपोर्टर ने उनसे फ्लाईदुबई की घटना में ईरान की भूमिका के बारे में पूछा। ट्रंप ने कहा, मुझे ऐसा लगता है। मुझे व्यक्तिगत रूप से ऐसा लगता है।'

उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने क्या टिप्पणी की हालांकि, जब सोमवार को अलास्का के लिए रवाना होते समय पत्रकारों ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और सेकंड लेडी उषा वेंस से इस बारे में पूछा, तो ओहायो के रिपब्लिकन नेता ने बहुत सावधानी बरती। सीधे टिप्पणी करने के बजाय, उन्होंने कहा कि वह इस मामले को सीआईए डायरेक्टर पर छोड़ देंगे, क्योंकि वे इस पर टिप्पणी करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं। जेडी वेंस ने कहा, 'यह मामला मैं जॉन रैटक्लिफ और कुछ इंटेलिजेंस अधिकारियों पर छोड़ता हूं। मैं किसी भी घोषणा से पहले कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन निश्चित रूप से हम इस पर गौर कर रहे हैं। हालांकि, मैं यह नहीं कहूंगा कि मैंने अभी तक कोई ठोस सबूत देखा है।' इस्राइल, यूएई और सऊदी अरब के अधिकारियों ने फ्लाईदुबई की घटना को आतंकी हमला बताया है। लेकिन अभी भी यह सवाल बना हुआ है कि क्या हमला करने वाले को-पायलट ने अकेले यह कदम उठाया या वह किसी बड़ी आतंकी साजिश का हिस्सा था। एबीसी न्यूज ने जांच की जानकारी रखने वाले अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि जांचकर्ताओं का मानना है कि ओमान के को-पायलट ने किसी बड़े संगठन का हिस्सा होने के बजाय अकेले ही यह काम किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जांच अभी शुरुआती दौर में है। वहीं, यूएई के अटॉनी जनरल और प्रॉसिक्यूटर जनरल हमद सैफ अल शम्सी ने 3 अक्तूबर को कहा था कि शुरुआती जांत से पता चला है कि हमम अल-हम्ममी ने आतंकवादी हमला करने की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा, 'फ्लाईदुबई की फ्लाइट र्स्1073 से जुड़ी घटना की जांच में पता चला है कि को-पायलट ने आतंकवादी हमला करने की कोशिश की थी।' उन्होंने यह भी कहा कि वे घटना के पूरे हालात, मकसद और किसी भी तरह के कनेक्शन का पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं।

## ट्रंप ने फिर किसे दी धमकी?: ब्रिटेन से अमेरिकी बमवर्षक हटाने पर बोले- हम जानते हैं कौन जिम्मेदार, और क्या कहा?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने अज्ञात धमकियों के बाद यूके स्थित अपने सैन्य बेस से बॉम्बर विमानों को हटा लिया है। इस घटनाक्रम के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को पता है कि इन धमकियों के पीछे कौन है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि जिम्मेदार लोग बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। अमेरिका की वायुसेना ने इंग्लैंड में स्थित अपने एक सैन्य एयरबेस से सभी बमवर्षक विमान वापस बुला लिए हैं। यह एयरबेस अमेरिकी नियंत्रण में है। यहां से ईरान पर हमले किए गए थे। यह कदम आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस पर कथित आतंकी हमले की साजिश की जांच के बाद उठाया



गया है। आरएएफ फेयरफोर्ड लंदन से करीब 100 मील यानी 160 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। मध्य पूर्व में दशकों से चले आ रहे संघर्षों के दौरान अमेरिका इस एयरबेस का इस्तेमाल अपने बमवर्षक विमानों के लिए करता रहा है। पेंटागन ने की वापसी की पुष्टि पेंटागन ने पुष्टि की है कि आरएएफ फेयरफोर्ड पर तैनात सभी अमेरिकी बॉम्बर्स मूल ठिकानों पर लौट रहे हैं, हालांकि उन्होंने नई चेतावनियों पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, यह नई जानकारी उसी खतरे का हिस्सा थी जो तीन हफ्ते पहले सामने आई थी, लेकिन पिछले 24 घंटों में कुछ विशिष्ट विवरण मिले और तत्परता की स्थिति अचानक बढ़ गई, जिसके बाद सैन्य कमांडरों ने तत्काल निकासी का फैसला लिया।

मिलिट्री एयर ट्रैकिंग अलायंस जैसे विमानन गतिविधियों पर नजर रखने वाले समूहों ने ईरान युद्ध शुरू होने के शुरुआती दिनों से आरएएफ फेयरफोर्ड से दर्जनों बी-52 और बी-1 बमवर्षकों को उड़ान भरते देखा है। निगरानी करने वालों ने रविवार को कई बी-1 बमवर्षकों को इस एयरबेस से उड़ान भरते देखा। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इनमें नए हमले भी शामिल हैं। ट्रंप ने शुरुआत में अमेरिकी लोगों से कहा था कि यह अभियान कुछ हफ्तों तक चलेगा। व्हाइट हाउस से ओहायो में एक रैली के लिए रवाना होते समय ट्रंप ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, ईरान को लेकर मेरे पास फैसले हैं, जो मैं करूंगा। ईरान तबाह हो चुका है। इसलिए एकमात्र सवाल यह है कि यह आसान तरीका होगा या मुश्किल तरीका।

## ब्रिटिश उपन्यासकार जेफ्री आर्चर का निधन: कलम से पाई शोहरत, सियासत से विवाद और जेल तक; ऐसा रहा जीवन का सफर

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के मशहूर लेखक और पूर्व राजनेता जेफ्री आर्चर का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। अपनी किताबों से दुनिया भर में पहचान बनाने वाले आर्चर का राजनीतिक जीवन झूठी गवाही के मामले में जेल जाने के बाद विवादों में घिर गया था। प्रकाशक हार्पर कॉलिन्स ने बताया कि आर्चर का सोमवार को उनके घर पर निधन हुआ। खास बात यह है कि उनकी आखिरी किताब 'एडम और ईव' के वैश्विक रिलीज से ठीक एक दिन पहले उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया।

**पांच दशक तक किताबों की दुनिया में छाए रहे :** जेफ्री आर्चर का लेखकीय सफर करीब पांच दशक लंबा रहा। उनकी पहली किताब 'नॉट ए पेनी मोर, नॉट ए पेनी लेस' 1976 में प्रकाशित हुई थी। यह उपन्यास उनके उस दौर से प्रेरित बताया जाता है, जब खराब निवेश के चलते वह लगभग दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गए थे। इसके बाद 'केन एंड एबेल' समेत उनकी कई किताबें बेहद लोकप्रिय हुईं। हार्पर कॉलिन्स के अनुसार, आर्चर की किताबों की दुनिया भर में करीब 30 करोड़ प्रतियां बिकीं। वह ब्रिटेन की 'संडे टाइम्स' बेस्टसेलर सूची में 14 साल पांच महीने और 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की सूची में पांच साल से ज्यादा समय तक बने रहे। आर्चर ने लेखन के साथ ब्रिटेन की राजनीति में भी मजबूत जगह बनाई। वह प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर के दौर में कंजर्वेटिव पार्टी में तेजी से आगे बढ़े। 1992 में थैचर के उत्तराधिकारी प्रधानमंत्री जॉन मेजर ने



उन्हें हाउस ऑफ लॉर्ड्स का सदस्य बनाया। लेकिन बाद में एक कानूनी विवाद ने उनके राजनीतिक करियर को गहरा झटका दिया। 1999 में लंदन के मेयर पद के लिए चुनाव लड़ते समय आर्चर पर पुराने मानहानि मामले में अदालत को गुमराह करने का आरोप सामने आया। उन्होंने एक अखबार पर मुकदमा किया था, जिसने उन पर एक यौनकर्मी को पैसे देने का आरोप लगाया था।

वह मुकदमा जीत गए थे और उन्हें 5 लाख पाउंड का हर्जाना मिला था। बाद में जूरी ने पाया कि उन्होंने 1987 के मामले में अपने पक्ष में झूठी कहानी और फर्जी अलिबी तैयार किया था। 2001 में उन्हें झूठी गवाही के लिए चार साल की सजा हुई। वह दो साल से कुछ अधिक समय जेल में रहे और 2003 में रिहा हुए। जेल से लौटने के बाद भी आर्चर ने लेखन जारी रखा। उन्होंने जेल के अनुभवों पर तीन हिस्सों वाली 'अ प्रिजन डायरी' लिखी, जिसमें 'हेल', 'परगेटरी' और 'हेवन' शामिल थे। इन किताबों में ब्रिटेन की जेलों और कैदियों की जिंदगी की झलक देखने को मिली। आर्चर ने राजघराने में बेटियों को बेटों के बराबर उत्तराधिकार का अधिकार देने की मांग भी उठाई थी।

# सऊदी अरब पर हूतियों ने दागी मिसाइलें, रियाद एयरपोर्ट और अरामको रिफाइनरी को बनाया निशाना

**यमन, एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब में कई अहम ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले करने का दावा किया है। निशाने पर राजधानी रियाद का किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट और राबिघ में अरामको की रिफाइनरी भी रही। हमलों के बाद सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने हूती हमलों की कड़ी निंदा की है। हूतियों का कहना है कि ये हमले यमन पर सऊदी अरब की सैन्य कार्रवाई के जवाब में किए गए।

**हूतियों का दावा- तीन बड़े सैन्य ऑपरेशन किए :** हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने सोमवार को टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा कि संगठन ने बड़ी संख्या में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों तथा ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए तीन 'गुणात्मक सैन्य अभियान' चलाए। सरी के मुताबिक, पहला अभियान रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाकर किया गया। उन्होंने दावा किया कि हमला 'सटीक और सीधे' तरीके से किया गया, जिससे हवाई यातायात प्रभावित हुआ।

**अरामको रिफाइनरी में आग लगने का दावा :** सरी ने बताया कि दूसरे अभियान में राबिघ स्थित अरामको रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। हूती प्रवक्ता ने दावा किया कि यह हमला भी 'सटीक और सीधे' तरीके से किया गया और इसके बाद निशाना बनाए गए परिसर



में आग लग गई। हूती प्रवक्ता के अनुसार, तीसरे अभियान में पश्चिम एशिया के सऊदी क्षेत्र असिर में अबहा एयरपोर्ट, खमिस मुशैत एयरबेस और अकीफा कैंप को निशाना बनाया गया। इसके अलावा नाजरान और जिजान में 'अन्य महत्वपूर्ण ठिकानों' पर भी हमले किए गए। सरी ने कहा कि इन हमलों को यमन पर सऊदी अरब के हमलों के जवाब में अंजाम दिया गया।

**सऊदी हमलों के जवाब में कार्रवाई का दावा :** सरी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में सऊदी अरब ने यमन पर 60 हवाई और मिसाइल हमले किए। उनके मुताबिक, इन हमलों में राजधानी सना के साथ-साथ अल-जौफ, ताइज, हज्जा, सादा और मारिब प्रांतों को निशाना बनाया गया और महिलाओं तथा बच्चों समेत आम नागरिक भी हताहत हुए।

**अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों को भी हूतियों की चेतावनी :** हूती प्रवक्ता ने सऊदी हवाई क्षेत्र से होकर उड़ान भरने वाली अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मक्का और मदीना के पवित्र हवाई क्षेत्र को छोड़कर सऊदी हवाई क्षेत्र में उड़ान संचालन को लेकर एयरलाइनों को सावधानी बरतनी चाहिए।

**सऊदी अरब ने हूती हमलों की कड़ी निंदा की :** हमलों के बाद सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने हूतियों की लगातार जारी कार्रवाई की कड़ी निंदा की। मंत्रालय ने नागरिकों, नागरिक प्रतिष्ठानों और आर्थिक ठिकानों को निशाना बनाने को गंभीर बताया। सऊदी विदेश मंत्रालय ने कहा कि हूती मिलिशिया ने मक्का और मदीना जैसे पवित्र स्थलों के साथ-साथ राजधानी रियाद और अबहा, खमिस मुशैत, जिजान, नाजरान, ताइफ और यनबू जैसे शहरों को भी बार-बार निशाना बनाया है। मंत्रालय के मुताबिक, हूतियों ने दक्षिणी लाल सागर और बाब अल-मंदब जलडमरूमध्य में सऊदी जहाजों को भी निशाना बनाया है।

## जानकारी

# कमजोरी दूर करेगा यह प्रोटीन पाउडर

## जानें घर पर प्रोटीन पाउडर बनाने का तरीका

आमतौर पर प्रोटीन पाउडर का इस्तेमाल जिम जाने वाले लोग और एथलीट्स ही ज्यादा करते हैं। इसका कारण ये है कि प्रोटीन मसल्स को बढ़ाते हैं और शरीर को गठीला बनाते हैं। मगर प्रोटीन की जरूरत तो हर किसी को होती है। सर्दी के मौसम में अगर आप रोजाना सुबह एक ग्लास दूध के साथ 2 चम्मच प्रोटीन पाउडर मिलाकर पीएं, तो आप दिनभर एनर्जी से भरे रहेंगे और आपकी सेहत भी दुरुस्त रहेगी। प्रोटीन हार्ट और लंग्स को भी स्वस्थ रखते हैं। इसके अलावा ये शरीर के पीएच स्तर को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। बाजार में उपलब्ध अधिकांश प्रोटीन पाउडर्स बहुत महंगे होते हैं और इनमें कई हानिकारक तत्वों के मिले होने के भी मामले पाए गए हैं। इसलिए आज हम आपको बता रहे हैं घर पर ही अपने और परिवार के सभी सदस्यों के लिए टेस्टी, सुरक्षित, शाकाहारी और हेल्दी प्रोटीन पाउडर बनाने का आसान तरीका।



1 ग्लास दूध में 2 चम्मच मिलाकर पीने से मिलेगा कमजोरी से छुटकारा

### प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए जरूरी सामग्री

■ प्रोटीन बेस ■ पौधों और फलों से प्राप्त प्रोटीन वाले बीज ■ एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स के लिए नट्स ■ फ्लेवर के लिए आपका मनपसंद भारतीय मसाला ■ प्रोटीन बेस

प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए आपको सबसे पहले प्रोटीन बेस की जरूरत होगी, जो आपको लोकल मार्केट या ऑनलाइन स्टोर पर आसानी से मिल जाएगा। सबसे सेफ और नैचुरल प्रोटीन बेस वो होते हैं, जिन्हें पौधों से प्राप्त किया जाता है। इसके लिए आप 2 में से कोई एक प्रोटीन पाउडर बेस चुन सकते हैं-

**स्पिरुलिना से बना प्रोटीन बेस:** इसमें 2 चम्मच स्पिरुलिना पाउडर में 8 ग्राम

**न्यूट्रीशनल यीस्ट प्रोटीन बेस:** इसमें भी 2 चम्मच बेस में लगभग 8 ग्राम प्रोटीन होता है।

बेस के बाद अब आपको कुछ अन्य चीजें इसमें मिलानी हैं।

### प्रोटीन से भरे बीज चुनें

बाजार में ऐसे ढेर सारे बीज उपलब्ध हैं, जिनमें प्रोटीन की मात्रा अच्छी होती है। प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए बीजों का इस्तेमाल करना बहुत अच्छा होता है। चूंकि बीज पौधों से प्राप्त होते हैं और पूरी तरह प्राकृतिक होते हैं, इसलिए ये पाउडर आपके घर के हर सदस्य के लिए सुरक्षित होता है। प्रोटीन पाउडर के लिए आप नीचे बताए गए बीजों में से 1 या 1 से ज्यादा बीज चुन सकते हैं। आमतौर पर 4-5 चम्मच बीज काफी होते हैं।

■ सूरजमुखी के बीज ■ चिया बीज ■ अलसी का बीज ■ कद्दू के बीज ■ ब्राउन राइस पाउडर

### नट्स से बढ़ाएं प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स की पावर

अपने प्रोटीन पाउडर को ज्यादा हेल्दी और टेस्टी बनाने के लिए आप इसमें नट्स को भी मिला सकते हैं। सभी नट्स जैसे- काजू, बादाम, अखरोट, पिस्ता, मूंगफली आदि में ढेर सारे एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स होते हैं, जो आपके शरीर को बीमारियों से बचाते हैं और हेल्दी रखते हैं। प्रोटीन पाउडर में आप अपने मनपसंद नट्स का पाउडर बनाकर मिला सकते हैं।

### अपना मनपसंद फ्लेवर मिलाएं

प्रोटीन पाउडर को टेस्टी बनाने के लिए आप इसमें अपना मनपसंद फ्लेवर भी मिला सकते हैं। मगर यहां अगर आप अच्छा और हेल्दी प्रोटीन पाउडर चाहते हैं तो आपको आर्टिफिशियल फ्लेवर नहीं, बल्कि घर पर ही मसालों और ड्राई फ्रूट्स से बने फ्लेवर्स मिलाने चाहिए, जैसे- तुलसी के सूखी पत्तियों का पाउडर, जीरा पाउडर, काली मिर्च का पाउडर, आर्गेनो पाउडर या हल्दी पाउडर आदि। ऊपर बताई गई सभी चीजों को मिलाएं और बस आपका प्रोटीन पाउडर तैयार है। इस प्रोटीन पाउडर को आप 3 साल के बच्चों से लेकर किसी भी उम्र तक के बुजुर्ग को दे सकते हैं। पौधों से प्राप्त चीजों से बना होने के कारण ये पूरी तरह सुरक्षित है।




डॉक्टर अक्सर कहते हैं कि बीमारियां उन लोगों को ज्यादा निशाना बनाती हैं, जिनकी रोगों से लड़ने की ताकत कमजोर होती है। विज्ञान की भाषा में इसे रोग प्रतिरोधक क्षमता घटना या इम्यून सिस्टम कमजोर होना कहते हैं। व्यक्ति ऊपर से तंदुरुस्त नजर आ सकता है, फिर भी उसकी रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर हो सकती है। इसके उलट, किसी दुबले-पतले इन्सान का इम्यून सिस्टम मजबूत हो सकता है।

दरअसल, खून को शरीर में दौड़ाने वाली कोशिकाएं अन्य अंगों के साथ मिलकर बीमारियों से लड़ने की यह क्षमता (रोग प्रतिरोधक) हासिल करती हैं। शरीर में पैदा होने वाले कई हालात के साथ ही बाहरी कारण इस प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकते हैं। किसी बच्चे में जन्म से ऐसा हो सकता है या वो हवा-पानी (पर्यावरण) में पल-बढ़ रहा है, उसके बुरे असर के कारण भी ऐसा हो सकता है।

डॉ. आयुष पाण्डे के अनुसार, जिन बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होती है, वे बार-बार संक्रमण (इन्फेक्शन) का शिकार होते हैं और ये संक्रमण जल्दी दूर नहीं होते। यह रोगों से लड़ने की क्षमता ही है जिसके कारण कुछ बच्चों में सर्दी जुकाम जैसी बीमारियां जल्दी दूर हो जाती हैं और कुछ बच्चों में, यहां तक कि बड़ों में भी, लंबे समय तक बनी रहती है।

### इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ने के संकेत

- भूख न लगना, पेट में दर्द होना, ऐंठन, बार-बार दस्त आना
- बच्चों का सही शारीरिक विकास न हो पाना
- बच्चों का दिमाग न चलना
- शरीर में अंदरूनी सूजन
- एनीमिया यानी खून की कमी होना

### रोगों से लड़ने की ताकत कम होने के कारण

- एचआईवी, जिस वायरस से एड्स होता है
- कुछ प्रकार के कैंसर
- कुपोषण यानी भोजन में पोषक तत्वों की कमी
- वायरल हेपेटाइटिस
- कभी-कभी दवाओं के असर से भी यह ताकत कम हो जाती है।

### ऐसे बढ़ाई जा सकती है रोगों से लड़ने की ताकत

- इम्यून सिस्टम सर्दी और फ्लू का कारण बनने वाले वायरस से बचाव करता है। ये आठ कदम आपके इम्यून सिस्टम को सपोर्ट करने में मदद कर सकते हैं। यह आपको उन वायरस से लड़ने के लिए तैयार करते हैं।
- खूब फल, सब्जियां और साबुत अनाज खाइए।
- सप्ताह में जितने ज्यादा दिन हो सके, कम से कम 30 मिनट का कसरत करें।
- पर्याप्त नींद लें।
- जब-जब भी जरूरत हो, हाथ जरूर धोएं।
- टीकाकरण कराएं। छोटे बच्चों को हर साल फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।
- अपना वजन कंट्रोल रखें।
- सिगरेट-शराब न पीएं।

### भोजन की थाली में छुपी है अच्छी सेहत

इम्यून सिस्टम (रोगों से लड़ने की ताकत) मजबूत करने का सबसे अच्छा और प्राकृतिक स्रोत है भोजन। आपकी थाली में सब्जियां और फल ज्यादा होने चाहिए। भारत में सरकार ने अपने 'मायप्लेट' प्रोग्राम के तहत दिशा-निर्देश जारी किए हैं और बताया है कि भोजन की आदर्श थाली कैसी होती है।

शरीर में किसी तरह की कमजोरी या असहजता महसूस होती है तो डॉक्टर को बताना चाहिए और उनसे यह भी जानना चाहिए कि क्या मरीज वह भोजन कर रहा है जिसमें उसके लिए जरूरी विटामिन और खनिज हो। अधिक खुराक न लें। बहुत ज्यादा सोना बुरा हो सकता है।

### तनाव कम करने की कोशिश करें



आज हर व्यक्ति को तरह-तरह के तनाव से जूझना पड़ रहा है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि इम्यून सिस्टम यानी रोगों से लड़ने की यही क्षमता तनाव दूर करने में मदद कर सकती है। इसलिए तनाव कम लें, खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रखें।

### तनाव दूर करने के लिए उठाएं ये कदम

- पर्याप्त नींद लें।
- खुद को रिलेक्स रखें यानी हर वक्त तनाव में न रहें। बीच-बीच में कुछ ऐसे काम करते रहें, जिसने सुकून महसूस हो जैसे कोई शॉर्ट फिल्म देखना या संगीत सुनना।
- व्यायाम जरूर करें।
- अपने लिए समय निकालें।
- उन लोगों से मिलते-जुलते रहें, जिन्हें आप अपनी समस्याएं बताते हैं और सही समाधान मिलता है।
- तनाव ज्यादा बढ़ जाए तो परेशान बने रहने के बजाए डॉक्टर से मिलें। काउंसिलिंग से कई तरह के तनाव दूर हो सकते हैं।

डॉ. गगन अग्रवाल बताते हैं कि जो मां अपने बच्चे को स्तनपान कराती है, उस बच्चे में रोगों से लड़ने की ताकत ज्यादा होती है। जिस घर में छोटे बच्चे हों, वहां साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। बच्चों को बाहर की चीजें खिलाने के बजाए घर की बनी पौष्टिक चीजें खिलाएं।

## सेहत

# 87 प्रतिशत बच्चे बहुत ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं मोबाइल

### आंखों पर पड़ रहा है असर

बच्चों में स्क्रीन का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। पर सबसे खतरनाक बात ये है कि हमारे नवजात शिशु भी कंप्यूटर और मोबाइल जैसे उपकरणों के आदी हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार, आज बच्चे टीवी देखने या कंप्यूटर और मोबाइल उपकरणों का उपयोग करने में बहुत अधिक समय खर्च कर रहे हैं। ऐसा उन बच्चों में ज्यादा है, जो प्रेग्नेंसी के दौरान ज्यादा स्क्रीन से चिपकी रहती थीं। एक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 12 महीने की उम्र के बच्चे औसतन रोज 53 मिनट स्क्रीन पर खर्च कर रहे हैं, वहीं 3 साल की उम्र और इससे ज्यादा के बच्चे लगभग 150 मिनट से अधिक फोन और कंप्यूटर के इस्तेमाल पर खर्च कर रहे हैं। अध्ययन के अनुसार इस तरह इन बच्चों में आगे चलकर कुछ बड़ी बीमारियों के शिकार होने की संभावनाएं ज्यादा है। आइए जानते हैं इस अध्ययन के बारे में-




शोधकर्ताओं ने उल्लेख किया कि 8 वर्ष की आयु तक, बच्चों द्वारा किसी न किसी प्रकार के स्क्रीन पर समय बिताने की सबसे अधिक डाटा पाए गए हैं, जो इस बात का संकेत करते हैं कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में है। अध्ययन में अमेरिका की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (NIH) की वरिष्ठ लेखिका एडविना येंग ने कहा, 'हमारे नतीजे बताते हैं कि स्क्रीन की आदतें जल्दी शुरू होती हैं।' अल्बनी और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी लैंगोन मेडिकल सेंटर के विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने, अपस्टेट किड्स स्टडी के आंकड़ों का विश्लेषण किया है, जो मूल रूप से बांझपन के उपचार के बाद विकसित बच्चों के विकास के क्रम की जांच करना था।

### अनुसंधान में कदम

अध्ययन में हिस्सा लेने वाले लगभग 4,000 बच्चों की माताओं ने 12, 18, 24, 30 और 36 महीने की उम्र में अपने बच्चों की मीडिया की आदतों पर पूछे गए सवालों के जवाब दिए। उन्होंने इसी तरह के सवालों का जवाब दिया, जब बच्चे 7 और 8 साल के थे। अध्ययन ने जन्म के रिकॉर्ड और अन्य सर्वेक्षणों से माताओं और बच्चों पर अतिरिक्त जनसांख्यिकीय जानकारी संकलित की। वहीं इस शोध में अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए डिजिटल मीडिया एक्सपोजर से बचने की सिफारिश की। जहां ये संस्था बताती है कि 18 से 24 महीने के बच्चों को धीरे-धीरे स्क्रीन मीडिया की आदत ज्यादा जल्दी लग रही है, वहीं 2 से 5 साल की उम्र के बच्चों के लिए दिन में एक घंटे स्क्रीन पर खेलने के समय को कम करने की कोशिश करनी होगी।

वर्तमान अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने पाया कि कुल मिलाकर 87 प्रतिशत बच्चे ऐसे हैं, जिनमें ये स्क्रीन का इस्तेमाल धीरे-धीरे बढ़ रहा है। हालांकि, जबकि स्क्रीनिंग समय 7 और 8 साल की उम्र तक के बच्चों में प्रति दिन 1.5 घंटे से कम है। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह कमी स्कूल से संबंधित गतिविधियों के समय से संबंधित है। शोधकर्ताओं ने बच्चों को दो समूहों में वर्गीकृत किया जो इस बात पर आधारित था कि उनकी औसत दैनिक स्क्रीन का समय 1 वर्ष से 3 वर्ष की आयु तक बढ़ गया है।

पहला समूह, जिसमें 73 प्रतिशत बच्चे औसतन 51 मिनट एक दिन का स्क्रीन पर बिताते थे। वहीं दूसरे समूह, जिसमें 27 प्रतिशत बच्चे दिन में लगभग 4 घंटे स्क्रीन पर खर्च करते हैं। वहीं माता-पिता की शिक्षा के उच्च स्तर दूसरे समूह में शामिल किए जाने की कम बाधाओं से जुड़े थे। यानी जिन बच्चों के मां-बाप जितने ज्यादा पढ़े-लिखे थे उतना ही उनके बच्चे स्क्रीन डिवाइस का इस्तेमाल कर रहे थे। वहीं कम पढ़े-लिखे मां-बाप के बच्चे इसका इस्तेमाल कम कर रहे थे। वहीं शोधकर्ताओं की मानें, तो लड़कों की तुलना में लड़कियों में स्क्रीन पर बिताने का समय कम था। वहीं इस तरह इन बच्चों को देखते हुए शोधकर्ताओं का कहना है कि मां-बार ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को स्क्रीन से दूर रखें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-1-4-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-3-5-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-1-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

## काकुरो पहेली - 1770



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**

16 → 1 2 3 4 6

23 ↓ 6 8 9

5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

### काकुरो - 1769 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

कई युवतियों को तंग कर चुका एक युवा अपने कॉलेज के लाइब्रेरियन के पास पहुँचा और बोला- क्या आप मुझे आत्महत्या पर कोई किताब दे सकते हैं। मैं शीघ्र ही आपको वापस कर दूँगा।

लाइब्रेरियन- नहीं दे सकता, आप लौटाएँगे नहीं।

□ □ □

एक व्यापारी को दूसरे व्यापारी से पैसे लेने थे, लेकिन पहले व्यापारी के बार-बार माँगने के बावजूद उसे पैसे नहीं मिल रहे थे। हार कर उसने दूसरे व्यापारी को एक पत्र भेजा। साथ में अपनी बेटी का फोटो भी भेजा।

पत्र में लिखा था- मुझे इस बच्ची की खातिर पैसे चाहिए।

□ □ □

एक खूबसूरत युवती डॉक्टर के पास गई और बोली- डॉक्टर साहब! मेरी स्कीन बहुत ही सेनसेटिव है। मेरी स्कीन हमेशा गोरी-गोरी रहे इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए?

डॉक्टर साहब- अपने दरवाजे की कुंडी हमेशा लगाकर रखनी चाहिए।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 1770



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म-२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म-३
३. 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म-३
४. लकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते ही' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१०. नसीरूद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म-३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म-२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'भोर आई गया अंधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म-३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आशायें खिलें दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म-४
२३. अनिलकपूर, फरहा की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, राइमासेन, शिल्पा की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म-३
६. मिथुन, मधु, रंभा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म-३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म-४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका?-३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगी ये बरसातें' अभिनीत फिल्म-३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
२४. ऋषि, टीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म-२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबनो की फिल्म-२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म-२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म-४

### फिल्म वर्ग पहेली- 1769



## सूडोकु -1770

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1769 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 1770



**बाएँ से दाएँ**

1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**

2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली - 1769 का हल



## जयपुर के मालवीय नगर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**एजेंसी**

**जयपुर** । राजधानी जयपुर के मालवीय नगर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का राजस्थान का 55 वां सेंटर खुल गया है । सहकारिता राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने इस केंद्र का शुभारंभ किया । इस मौके पर सहकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने एक पीपीटी के जरिये बताया कि आखिर क्यों जेनेरिक दवाईयां जरूरी है । पीएमबीआई के सीईओ शांतनु कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्देश्य महंगी दवाईयों को सस्ती दर पर मरीजों को उपलब्ध करवाना है । समारोह में सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि देश में आम परिवार के हर व्यक्ति को उचित कीमत पर दवाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने हमेशा इस बात पर ज़ोर दिया है और राजस्थान में हमने भी लगातार कोशिशें की हैं ताकि आम आदमी जिसमें गरीब भी शामिल हैं उन्हें चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। हमारा मकसद उन्हें ज़रूरी दवाएं उपलब्ध कराना है । क्योंकि खुले बाज़ार से खरीदी गई दवाएं अक्सर महंगी होती हैं । प्रचार और विज्ञापन का खर्च हटाकर, हम 'प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र' के ज़रिए आम ग्राहकों तक ये दवाएं पहुंचा पा रहे हैं ।

## सेवा संकल्प अभियान के समापन पर मां गंगा की उतारी आरती, दुग्धाभिषेक कर पीएम के यशस्वी जीवन की कामना, घाट पर सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नमामि गंगे की ओर से सामने घाट पर विशेष आयोजन किया गया। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम में मां गंगा की आरती उतारी गई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान दूध से मां गंगा का अभिषेक कर बाबा विश्वनाथ और मां गंगा से प्रधानमंत्री के लिए आशीर्वाद मांगा गया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक एवं नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेश शुक्ला के संयोजन में हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रध्वज तिरंगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लेकर मंत्रोच्चार के बीच उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों का अभिनंदन किया। धार्मिक परंपरा के अनुरूप हुए आयोजन में प्रधानमंत्री के कार्यकाल से जुड़े विकास और जनकल्याण के कार्यों का भी उल्लेख किया गया।

## राष्ट्रीय फलक पर चमके बीएचयू के कृष्णा सिंह, मिला नेशनल फोटोग्राफी अवार्ड

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के दृश्य कला संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्णा सिंह ने छायाचित्र कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की है। राज्य ललित कला अकादमी की ओर से आयोजित 19वीं अखिल भारतीय छायाचित्र कला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में उनकी उत्कृष्ट छायाचित्र कृति का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया। पांच अक्टूबर को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कृष्णा सिंह को नेशनल फोटोग्राफी अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में उन्हें कला एवं छायाचित्र के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 20 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि, अंगवस्त्रम और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस उपलब्धि से बीएचयू के दृश्य कला संकाय और विश्वविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

## बीएचयू में कथित गलत सर्जरी मामले की फिर होगी जांच, मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर सीएमओ ने गठित की टीम

**वाराणसी।** आईएमएस बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर में मरीज की कथित गलत सर्जरी किए जाने के मामले में अब नए सिरे से जांच शुरू हो गई है। मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनपी सिंह ने जांच के लिए टीम गठित की है। टीम मरीज के भर्ती होने से लेकर ऑपरेशन थिएटर तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया की पड़ताल करेगी। इलाज, जांच, चिकित्सकीय परामर्श, भर्ती और शल्य चिकित्सा से जुड़े अभिलेख भी जांच के दायरे में होंगे। इस मामले में आईएमएस बीएचयू प्रशासन की ओर से पहले आंतरिक जांच कराकर रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। हालांकि, शिकायतकर्ता ने जांच रिपोर्ट पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद मानवाधिकार आयोग ने मामले की दोबारा जांच कराने का निर्देश दिया। आयोग ने जिलाधिकारी और सीएमओ को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था।

# प्रधानमंत्री मोदी के राजनीतिक नेतृत्व को 25 साल

## बेल्जियम, नाइजीरिया और डोमिनिकन रिपब्लिक ने दी बधाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर, डोमिनिकन रिपब्लिक के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट और नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बतौर मुखिया सरकार में 25 वर्ष पूरा करने पर बधाई दी। वेवर ने साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई तो रूजवेल्ट ने उनके प्रति दिखाई उदारता के लिए आभार जताया वहीं, नाइजीरिया ने इसे 'दुर्लभ उपलब्धि' करार दिया। अपने बधाई संदेश में, वेवर ने भारत की अपनी हालिया यात्रा को 'फलदायी' बताया। एक्स पोस्ट में, वेवर ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुजरात से नई दिल्ली तक सरकार में लगातार 25 वर्षों के नेतृत्व के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। पिछले महीने भारत की मेरी फलदायी यात्रा के बाद, मैं हमारे दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक हूं। ' वहीं, डोमिनिकन रिपब्लिक के पीएम रूजवेल्ट स्केरिट ने अपने प्रिय मित्र के साथ क्लिक की तस्वीर साझा करते हुए एक्स पर लिखा, ' मेरे प्रिय मित्र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मैं आपको सरकार के प्रमुख के रूप में लगातार 25 वर्षों



की सेवा के लिए हार्दिक बधाई देता हूं, यह एक ऐसी यात्रा है जो गुजरात में शुरू हुई और भारत के आपके नेतृत्व के माध्यम से जारी रही। इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर, मैं डोमिनिका के प्रति आपकी मित्रता और हमारे लोगों के प्रति दिखाई गई उदारता के लिए अपनी सराहना व्यक्त करना चाहता हूं। मैं हमारे देशों के बीच के बंधन को महत्व देता हूं और आने वाले वर्षों में इसे और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। '

उन्होंने अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए आगे लिखा कि डोमिनिका की सरकार और लोगों की ओर से, और व्यक्तिगत रूप से, मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य, शक्ति और भारत के लोगों की सेवा में निरंतर सफलता की कामना करता हूं। नाइजीरिया के संघीय गणराज्य की सरकार और जनता की ओर से राष्ट्रपति बोला अहमद टिनूबू ने बधाई प्रेषित की। उन्होंने एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी की इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, 'किसी भी लोकतंत्र में लगातार 25 वर्षों तक सरकार के प्रमुख के रूप में नेतृत्व करना एक दुर्लभ उपलब्धि है। ' राष्ट्रपति टिनूबू ने कहा, ' 7 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री और सरकार के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के 25 साल पूरे हो रहे हैं। उनकी जनसेवा का यह सफर बिना किसी रुकावट के जारी रहा। गुजरात की जनता की 12 साल से अधिक समय तक सेवा करने के बाद वह 2014 से भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर नेतृत्व कर रहे हैं। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में 25 वर्षों तक लगातार नेतृत्व करना इस बात का ठोस प्रमाण है कि भारतीय जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर कितना भरोसा जताया है। '

# हैदराबाद में फर्जी फॉर्म-7 के मामले में भाजपा के बूथ एजेंट पर केस दर्ज

### 30 वोटरों के नाम हटाने की कोशिश

**एजेंसी**

**हैदराबाद** । तेलंगाना में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के लिए फर्जी फॉर्म 7 के इस्तेमाल का मामला सामने आया है। हैदराबाद पुलिस ने भाजपा के एक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी का नाम एस. बालाचंदर है, जो मुशीराबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का बीएलए है। उस पर आरोप है कि उसने 30 प्री-प्रिंटेड फॉर्म 7 जमा कर वोटर लिस्ट से नाम हटाने की कोशिश की। चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 217 और 318(2) और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के तहत मामला दर्ज हुआ है। यह कार्रवाई मुशीराबाद के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) टी. प्रवीण कुमार की शिकायत के बाद की गई। शिकायत के मुताबिक, बालाचंदर 28 सितंबर




को पोलिंग स्टेशन नंबर 210 पर 30 डिजिटल प्री-प्रिंटेड फॉर्म 7 लेकर पहुंचा था। इन फॉर्म में 30 वोटर्स के नाम हटाने की मांग की गई थी, जिनमें कांग्रेस के एक बीएलए और उसके परिवार के लोग भी शामिल थे। बालाचंदर ने खुद इन फॉर्म पर साइन किए थे और इन्हें बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को देने की कोशिश की। बीएलओ ने एक साथ इतने फॉर्म लेने से इनकार कर दिया और कोई रसीद नहीं दी, तो वह फॉर्म वहीं छोड़कर चला गया।

बाद में जांच में पता चला कि जिन 30 लोगों के नाम हटाने की मांग की गई थी, वे सभी अपने दर्ज पते पर ही रह रहे हैं। यानी फॉर्म में दी गई जानकारी गलत थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सी. सुधर्सन रेड्डी ने 5 अक्टूबर को आदेश दिया था कि फॉर्म 6, 6ए, 7 और 8 में जानबूझकर झूठा बयान देने वालों पर कार्रवाई की जाए। सीईओ ने सभी डीईओ को मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के नियम 20 के तहत जांच करने के बाद कार्रवाई करने को कहा था। इस आदेश के बाद तेलंगाना में यह पहला केस दर्ज हुआ है।

इसी तरह के प्री-प्रिंटेड फॉर्म बहादुरपुरा और गोशामहल विधानसभा में भी सामने आए हैं। इनमें जिन लोगों के नाम हटाने की मांग थी, वे सभी मुस्लिम थे, जिससे समुदाय विशेष को टारगेट करने के आरोप लगे हैं।

## जनगणना-2027 में अन्य पिछड़ा वर्ग की पृथक जातिगत गणना हो: रवि शंकर धाभाई




**एजेंसी**

**जयपुर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि शंकर धाभाई ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री एवं महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त को पत्र भेजकर आगामी जनगणना-2027 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की तर्ज पर अन्य पिछड़ा वर्ग की पृथक जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। धाभाई ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रमाणिक एवं अद्यतन जनसंख्या के आंकड़ों के अभाव में सामाजिक न्याय, समान अवसर, आरक्षण, प्रतिनिधित्व तथा कल्याणकारी नीतियों का वस्तुनिष्ठ निर्धारण प्रभावित होता है। उन्होंने जनगणना प्रपत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्पष्ट पृथक कॉलम शामिल करने तथा जनगणना पूर्ण होने के बाद प्रमाणिक आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रमाणिक आंकड़ों के आधार पर पंचायती राज एवं नगरीय निकायों सहित शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास से संबंधित नीतियों की समीक्षा संभव होगी। धाभाई ने इसे सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और समान अवसर से जुड़ा महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक विषय बताया।

## वी.टी. रोड मेला ग्राउंड में जनसेवा यात्रा में शामिल हुए सीएम

### प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल पर वर्चुअल संवाद

**एजेंसी**

**जयपुर।** आज जयपुर के वी.टी. रोड स्थित मेला ग्राउंड में 'जनसेवा यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा' (सेवा ज्योति यात्रा) का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ समेत बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर, इस कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से उनका ओजस्वी और प्रेरणादायी उद्बोधन सुनने का अवसर मिला। राष्ट्र प्रथम और सुशासन को समर्पित यह 25 वर्षों का सेवाकाल प्रत्येक नागरिक को देश के नवनिर्माण के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है। इसी ऊर्जा के साथ, प्रधानमंत्री के प्रेरक विचारों के उपरांत सभा में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित किया गया तथा 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को पूरा करने की शपथ ली गई। प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में राजस्थान निरंतर प्रगति के नए आयाम छू रहा है। डबल इंजन की सरकार आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, जन-कल्याण और समग्र खुशहाली के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर देवतुल्य जनता के साथ मिलकर



प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को गति देने और राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने का दृढ़ संकल्प दोहराया गया। इस आयोजन के दौरान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पटना में 'संकल्प सभा': सीएम सम्राट बोले- 'विकसित भारत' के लिए समृद्ध बिहार जरूरी

**एजेंसी**

**पटना** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से बुधवार को पटना में 'विकसित भारत संकल्प सभा' एवं 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के वर्चुअल संबोधन को बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने सुना। सभा के बाद 'सेवा ज्योति यात्रा' निकाली गई। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 7 अक्टूबर का दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में विशेष महत्व रखता है। आज से 25 वर्ष पहले इसी दिन नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी ने शासन व्यवस्था को बेहतर बनाने का काम किया और इसके बाद प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा और जनसंघ की विचारधारा ने हमेशा राष्ट्रहित और लोकतंत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आपातकाल के दौरान जनसंघ के कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने संगठन का विलय तक किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेवा भाव के साथ राष्ट्र निर्माण का काम आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विपक्षी इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ ऐसे नेतृत्व के साथ लोग काम कर रहे हैं, जिनके मन, दिल और कार्य में सेवा है, जबकि दूसरी तरफ विपक्ष के नेताओं के लिए 'मेवा' महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत और समृद्ध बिहार बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना होगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, बिजली और पीएम सूर्य घर योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य आम लोगों के जीवन में बदलाव लाना है।

## आविन दूध की कमी की शिकायतों के बीच मुख्यमंत्री विजय ने माधवरम संयंत्र का किया निरीक्षण, प्रयोगशाला का उद्घाटन

**एजेंसी**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने बुधवार को चेन्नई के माधवरम स्थित आविन दूध संयंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तमिलनाडु दुग्ध उत्पादक संघ की ओर से 2.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित केंद्रीय राज्य प्रयोगशाला के सहायक भवन का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों में खासा उत्साह देखा गया। माधवरम स्थित आविन संयंत्र चेन्नई और आसपास के क्षेत्रों में दूध आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। हाल के दिनों में तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में आविन दूध की उपलब्धता को लेकर शिकायतें सामने आई थीं। इसके अलावा दुग्ध उत्पादों की खरीद और कीमतों को लेकर भी सवाल उठाए गए थे। इसी पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री के संयंत्र के निरीक्षण को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने संयंत्र परिसर में 2.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित केंद्रीय राज्य प्रयोगशाला के सहायक भवन का उद्घाटन किया। इस प्रयोगशाला का निर्माण दूध और विभिन्न दुग्ध उत्पादों की अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से सटीक जांच के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है। नई प्रयोगशाला के माध्यम से दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता तथा निर्धारित मानकों की जांच को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। इससे उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण दूध और दुग्ध उत्पाद पहुंचाने की व्यवस्था को मजबूत करने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने माधवरम आविन दूध संयंत्र परिसर में 152 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नई इमारत का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति और संयंत्र से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। माधवरम संयंत्र से चेन्नई तथा आसपास के इलाकों में दूध की आपूर्ति की जाती है। ऐसे में संयंत्र की उत्पादन, भंडारण और वितरण व्यवस्था से जुड़ी परियोजनाओं को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हाल के दिनों में आविन दूध की कमी की शिकायतें सामने आई थीं। वहीं, दुग्ध उत्पादों की खरीद को लेकर भी सवाल उठे हैं। कर्नाटक से घी जैसे उत्पादों की खरीद किए जाने के आरोपों के अलावा आविन दूध की कीमतों को लेकर भी शिकायतें सामने आने की बात कही गई है।

# 55 दिन से गंगा में नावें खड़ी, नाविकों के सामने रोजी-रोटी का संकट

### जल पुलिस से कई दौर की वार्ता के बाद भी नहीं मिली अनुमति

**एजेंसी**

